डिनर के दौरान हिन्दी के बारे में बहुत-सी दिलचस्प बातें कही गईं । सुरेश ने कहा कि दिल्ली की हिन्दी भ्रष्ट हो गई है, पंजाबी ज़बान के कारण । (शर्मा जी भी क्लास में कह रहे थे कि पंजाबी लोग ज़्यादातर "मैंने जाना है।" कहते हैं, जो कि ग़लत प्रयोग है - "मुझे जाना है" ही सही है।) पर जब सुरेश ने यह बात कही तो प्रकाश जी ने ऐसे आँखें दिखाईं कि सरेश बेचारे चुप हो गए। बात यह है न, कि खन्ना जी ख़ुद पंजाबी हैं; और उनके सामने प्रकाश एकदम दब जाते हैं-भीगी बिल्ली की तरह। अंत में कमला जी ने विषय बदलकर ऋषि और राज के बारे में कोई मज़ाक़ किया तो सब लोग हँसने लगे । पर बाद में कमला जी ने सुरेश को ख़ूब डाँटा होगा!

1- Metinde geçen gramer kuralların analizini yaparak Türkçeye çevirmek.